58

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–254/2025 11094 /पटना, दिनांक–24.10.25

दिनांक 23.06.2025 को अधोहस्ताक्षरी के अध्यक्षता में सम्पन्न तकनीकी बीड समिति की बैठक की कार्यवाही के अनुसार राज्य योजनान्तर्गत कार्य प्रमंडल, दलसिंहसराय के अधीन Package No. State Scheme (NABARD) 25-26/Dalsinghsarai (Tender ID- 141603) हेतु दिनांक 05.06.2025 को प्राप्त निविदा में भाग लेने वाले निविदाकारो के तकनीकी बीड संबंधी कागजात की समीक्षा की गयी।

उक्त निविदा में संवेदक Pramod Kumar, (Reg. No. 1210305) Add:- At- Sarariya, Khanjahan Chak Urf Saidenpur, Vaishali, Bihar, Pincode: 844121 (BID ID-619224) द्वारा बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, Work Division, East Champarn (Motihari) के पत्रांक–BRPNL/CHAMPRAN/1573 Dt 14.12.2024 उद्धत समरूप अनुभव प्रमाण–पत्र किया गया। इस संदर्भ में वरीय परियोजना अभियंता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, Work Division, East Champarn (Motihari) के द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त अनुभव प्रमाण–पत्र इनके कार्यालय से निर्गत नहीं किया गया है। तद्‌लोक में अनुभव प्रमाण–पत्र जाली/फर्जी होने के कारण CMBD की कंडिका.– 4.4 A (c) & 4.7 (i) के आलोक में इन्हें तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित करते हुए विभागीय गैर सरकारी प्रेषण संख्या–243 अनु0 दिनांक 22.08.2025 द्वारा बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के तहत कार्रवाई किये जाने की अनुशंसा की गयी।

उक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 9288 अनु0 दिनांक 29.08.2025 एवं पत्रांक 9993 दिनांक 17.09.2025 द्वारा उक्त कृत्य हेतु संवेदक Pramod Kumar, (Reg. No. 1210305) से स्पष्टीकरण की माँग की गयी। जिसके आलोक में संवेदक अपना स्पष्टीकरण विभाग में दिनांक 13.10.2025 को समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया है कि संदर्भित निविदा में साईबर कैफे द्वारा ही किसी अन्य के बहकावे में आकर इनके विरूद्ध गलत अनुभव प्रमाण–पत्र अपलोड कर दिया गया। जिसे समीक्षोपरान्त अस्वीकृत करते हुए संवेदक को कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु निर्णय लिया गया।

अतएव वर्णित तथ्यों के आलोक में बिहार सरकार ग्रामीण कार्य विभाग की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 के कंडिका–11 (क) उप कंडिका– (ix) एवं (ख) (ii) में निहित प्रावधानों के आलोक में निविदाकार/संवेदक Pramod Kumar, (Reg. No. 1210305) Add:- At- Sarariya, Khanjahan Chak Urf Saidenpur, Vaishali, Bihar, Pincode: 844121 के निबंधन संख्याः–1210305 को अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (**Blacklist**) किया जाता है।

21.10.25
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–254/2025 11094 /पटना, दिनांक–24.10.25

निबंधित

प्रतिलिपि– Pramod Kumar, (Reg. No. 1210305) Add:- At- Sarariya, Khanjahan Chak Urf Saidenpur, Vaishali, Bihar, Pincode: 844121 को सूचनार्थ प्रेषित।

21.10.25
अभियंता प्रमुख

कृ0प्0उ0

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–254 / 2025 11094 / पटना, दिनांक– 24.10.25

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21.10.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–254 / 2025 11094 / पटना, दिनांक– 24.10.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

21.10.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–254 / 2025 11094 / पटना, दिनांक– 24.10.25

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21.10.25

अभियंता प्रमुख